राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# होली एवं धूलण्डी पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 5 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने होली एवं धूलण्डी (6–7 मार्च) की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि होली का त्यौहार सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह पर्व जन–जीवन को उमंग और उल्लास से भर देता है। उन्होंने रंगों के इस पर्व को आपस में मिल–जुल कर मनाने का सभी से आह्वान किया है।

–––––